PVG's

Muktangan English School & Jr. College, Pune - 9

Unit Test - I (2024 - 2025)

Standard - X

Subject - Hindi
Date - 13.8.2024

Marks - 10
Time - 9.30 a.m. to 10.45 a.m

सूचनाएँ :- १) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें । २) शुद्‌ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

विभाग १ - गद्‌य

कृति १ निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

मुझे अकेले यात्रा करने में आनंद आता है । इससे चलती रेल में से पैरों के नीचे निकल जाने वाली नदी में कल्पना में डुबकी लगाने, जो पास लगते हैं उन वृक्षों के निरंतर पीछे छूटते चले जाने और जो दूर हैं उन भागते वृक्षों का साथ निभाने में बड़ा मजा आता है।

यात्रा में अगर कोई साथी मिल जाए तो ऐसा लगता है मानो वह मेरी निगाह चुरा रहा हो । मैं किसकी ओर एकटक निहारता हूँ, किसे देखकर नाक - भौं सिकोड़ता हूँ और कौन मेरे एकांत क्षणों का अंतरंग साथी है, इन सब बातों पर कोई निगाह रखे, यह मुझे कतई पसंद नहीं ।

कभी - कभी जब रेल की खिड़की से बाहर झाँककर दूर के दृश्य, किसी प्राकृतिक मनोरम दृश्य को देखना चाहता हूँ, जैसे सूर्योदय और सूर्यास्त तभी मेरी दृष्टि उचटकर किसी वृक्ष की डाली पर पाँव टिकाए बच्चों को देखने में जा उलझती है तब कैमरे के हिल जाने की तरह सारा दृश्य गायब हो जाता है और मैं सोचता ही रह जाता हूँ कि आखिर मैं देख क्या रहा था ?

(१)

१) आकृति पूर्ण कीजिए ।



(१)

२) १) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।

i) पसंद - ☐ ii) आनंद - ☐

(१)

२) परिच्छेद में आए कोई दो प्रत्यययुक्त शब्द ढूँढ़कर लिखिए ।

i) ☐ ii) ☐

३) स्वमत अभिव्यक्ति - (२)

रेलयात्रा के दौरान दिखने वाले दृश्यों का वर्णन अपने शब्दों में ६ से ८ पंक्तियों में लिखिए ।

विभाग -२ पद्य

कृति २ निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

सोंधी - सोंधी - सी सुगंध, माटी से बोली,
बादल बरस गया, धरती ने आँखें खोलीं ।

चारों ओर हुई हरियाली कहे मयूरा,
सदियों का जो सपना है हो जाए पूरा ।
एक यहाँ पर नहीं अकेला, होगी टोली,
सोंधी - सोंधी - सी सुगंध माटी से बोली ।।

बाग - बगीचे, ताल - तलैया सब मुस्काएँ,
झूम - झूमकर मस्ती में तरु गीत सुनाएँ ।
मस्त पवन ने अब खोली है अपनी झोली,
सोंधी - सोंधी - सी सुगंध माटी से बोली ।।

१) आकृति पूर्ण कीजिए । (१)



२) i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए । (१)

अ) सुगंध = ☐ आ) पवन = ☐

ii) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए । (१)

अ) आँखें = ☐ आ) तरु = ☐

३) अभिव्यक्ति -
'सोंधी - सोंधी ....
..............................होगी टोली,

उपर्युक्त पंक्तियों का सरल अर्थ अपने शब्दों में २५ - ३० शब्दों में लिखिए । (२)

❖❖❖